श्रद्धालुओं के लिए लगाया चिकित्सा कैंप

पानीपत/कौशिक : अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पूरे भारत से श्रद्धालु और तीर्थ यात्री पहुंचते हैं के लिए सामाजिक राष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष ओमपाल पांचाल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप तथा रक्तदान शिविर लगाकर यात्रियों की सेवा की। इसके अलावा यथासंभव सहयोग किया गया। इस सेवा कार्य में विनोद पाल, सतीश पांचाल, वीरेंद्र शर्मा ,कुंती ,प्रवीण ठाकुर, सुरेंद्र पांचाल, अजब सिंह, संदीप पांचाल, गुलाब पोसवाल व नरेश रोहिला ने सहयोग दिया।

एलजी सक्सेना ने दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण पर की बैठक

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली : संसद द्वारा एनसीटीडी कानून (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 2023 पारित किए जाने के कुछ दिनों बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने पीएम-उदय और पीएमएवाई (शहरी) योजनाओं के तहत क्रमशः अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण और झुग्गीवासियों के पुनर्वास से संबंधित कार्यों की प्रगति तथा स्थिति का जायजा लेने के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (पीडब्ल्यूडी), डीडीए के उपाध्यक्ष, एमसीडी आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

सक्सेना ने अधिकारियों से पीएम-उदय, पीएमएवाई और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की लैंड पूलिंग नीति के पूर्ण कार्यान्वयन के संबंध में विशिष्ट समयसीमा तय करने को कहा। राजभवन के अधिकारियों ने कहा कि बैठक के दौरान, उपराज्यपाल को अनधिकृत कॉलोनियों की सीमाओं में अस्पष्टता, कट-ऑफ तिथियों के बार-बार विस्तार और अधिसूचित झुग्गी-झोपड़ी समूहों में अनिश्चितता के बारे में अवगत कराया गया, जिसने इस मुद्दे को लंबे समय तक लटकाए रखा। अंततः केंद्र ने 2019 में पीएम-उदय और पीएमएवाई योजनाएं तैयार कीं। हालाँकि, उसके तुरंत बाद, कोविड

महामारी के फैलने के कारण काम पूरी गति से नहीं किया जा सका। अधिकारियों ने कहा कि सक्सेना ने इस तथ्य पर आश्चर्य और चिंता व्यक्त की कि विभिन्न संस्करणों में यह अधिनियम दिसंबर 2006 से लागू था, और फिर भी महामारी के कारण उत्पन्न बाधाओं के बावजूद मामला लटका हुआ था।

सक्सेना ने अधिकारियों को अनधिकृत कॉलोनियों के पंजीकरण, सत्यापन और उसके बाद नियमितीकरण के लिए एक ठोस समयबद्ध कार्ययोजना के साथ आने का भी निर्देश दिया और इस बात पर जोर दिया कि ऐसा करने की प्रक्रिया को सरल और परेशानी मुक्त बनाने की जरूरत है।

अधिकारियों ने कहा कि उपराज्यपाल ने यह भी चेतावनी दी कि इस संबंध में कोई भी लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मलिन बस्तियों के पुनर्वास के संबंध में जहां कानून के अनुसार यथास्थान पुनर्वास संभव नहीं है, उपराज्यपाल ने डीडीए को तुरंत पाँच किमी के दायरे में वैकल्पिक स्थलों की पहचान करने का निर्देश दिया और झुग्गीवासियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पहले ही तैयार फ्लैटों या घरों में सम्मानजनक जीवन के लिए पुनर्वासित करने के लिए कहा।

उपराज्यपाल ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि पूरी योजना एक महीने के भीतर लागू हो जाए और ठोस कार्रवाई तुरंत शुरू हो जाए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी कार्य हाल ही में संसद में पारित अधिनियम द्वारा प्रदान की गई 2026 की अधिकतम समय सीमा से कम से कम एक साल पहले पूरे किए जाने चाहिए।

दिल्ली में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली : एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि एक लड़की के साथ उसके संबंधों को लेकर ईर्ष्या के कारण पश्चिमी दिल्ली इलाके में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसके चेहरे को पत्थर से कुचल दिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विकास नगर निवासी पवन तिवारी (35) और उसके साथी उत्तम नगर निवासी पवन सिंह (24) के रूप में हुई। यह घटना 16 दिसंबर को सामने आई, जब एक पुलिस टीम ने नियमित गश्त के दौरान केशोपुर औद्योगिक क्षेत्र डीडीए पार्क की चारदीवारी के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पाया, जो पत्थरों से क्षत-विक्षत था और उस पर क्रूर हिंसा के निशान दिख रहे थे। अपराध स्थल पर जमीन पर खून बिखरा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा, मृतक की पहचान करने के शुरुआती प्रयासों के बावजूद, कोई भी प्रत्यक्षदर्शी घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। मृतक और आरोपी की पहचान के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। जानकारी जुटाने के लिए आसपास के इलाकों में पोस्टर और पंपलेट बांटे गए। डीसीपी ने कहा, 20 दिसंबर को निहाल विहार गंदा नाला में एक पर्चा देखने के बाद परिवार के सदस्यों ने मृतक की पहचान सचिन मौर्य के रूप में की। आगे की जांच में मौर्य का एक लड़की के साथ संबंध और उसके रिश्ते पर ईर्ष्या के कारण हत्या की साजिश में पड़ोसी तिवारी की संलिप्तता का पता चला। मृतक की पहचान के बाद तिवारी और उसके दोस्त पवन सिंह को फरार पाया गया। डीसीपी ने कहा, टीमें तैनात की गईं और 22 दिसंबर को दोनों आरोपी तिवारी और सिंह को विकास नगर इलाके में पकड़ लिया गया। पुलिस ने मृतक के पर्स और आरोपी के खून से सने कपड़ों सहित महत्वपूर्ण चीजें भी बरामद कीं।

संक्षिप्त खबरें

दि यमुना पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

इन्द्री/अनेजा : उपमंड़ल के गांव कलसौरा स्थित दि यमुना पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 6 बच्चों ने सिरसा में आयोजित नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप कौशल कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल करने मे सफलता पाई है। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचनें पर जोरदार स्वागत किया गया। इस बारे में जानकारी देते हए स्कूल के चेयरमैन रणबीर सिंह गोयल ने बताया कि इस कराटे प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र मिलन, सिद्धार्थ और हरमन ने स्वर्ण पदक हासिल किया है वहीं हरमन नाम के एक और छात्र व ईशांत ने सिल्वर पदक जीता है। छात्र तनिष ने तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह गोयत ने चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है और उसमें आप सबने पदक जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कराटे टीम के प्रशिक्षक कोच अनु को भी बधाई दी और कहा कि इसका श्रेय खिलाड़ियों के अभिभावकों के साथ-साथ प्रशिक्षक को भी जाता है जो बच्चों को इतनी मेहनत कराने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

एसएमएस मैमोरियल स्कूल में मनाया तुलसी पूजन दिवस

तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा : एसएमएस ममोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में तुलसी पूजन विद्यालय के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आने वाले जीवन को स्वस्थ एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए तुलसी का सेवन एवं तुलसी का पूजन करने का संकल्प दोहराया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल और प्राचार्या डा. विभा कौशिक ने विद्यालय के प्रांगण में तुलसी का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी को तुलसी पूजन दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थी का मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक संतुलन कायम रहता है एवं अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे ठोस कदम बढ़ाने में सफल हो पाते हैं। तुलसी की पूजा बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसा करने से बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या डा. विभा कौशिक ने विद्यार्थियों को तुलसी के महत्व बारे जानकारी दी।

स्कूल में हुई समस्त हिन्दू समाज की बैठक

करनाल/आशुतोष गौतम : विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में श्रीराम मन्दिर के विषय पर विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल में समस्त हिन्दू समाज की बैठक हुई। बैठक के दौरान हिन्दू समाज के करीब 250 लोग उपस्थित रहे। 22 जनवरी को श्री अयोध्या जी में होने वाले भगवान श्रीराम

लला जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाने पर योजना बनाई गई। बैठक के दौरान विश्वहिंदू परिषद के जिला मन्त्री नीरज गोयल ने बताया कि श्रीराम जी के मन्दिर के निमन्त्रण की सूचना देशभर में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक दी जा रही है। करनाल नगर को 54 हिस्सो में बांटा गया है। 54 टोलिया बनाई गई है, जो प्रत्येक बस्ती के प्रत्येक घर से श्री अयोध्या जी से आये हुए अक्षत, श्रीराम जी का चित्र व सूचना पत्रक देने का काम करेगी। प्रत्येक टोली में 6 कार्यकर्ता रहेंगे। प्रत्येक टोली सुबह शाम अपनी अपनी बस्तियों में सम्पर्क कर सूचना देने का काम करेगी। सभी टोलियों का प्रयास रहेगा कि किसी भी बस्ती का कोई भी घर न छूटे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जिले के प्रत्येक प्रखण्ड में भी टोलियां बनाई जा रही है। जिले के आठों प्रखण्डों में टोलियां अपने काम को पूर्ण करेगेगी। गोयल में बताया कि इस श्रीराम जी के कार्य में जिले के करीब 10 हजार कार्यकर्त्ता बढ़चढ़ कर काम करने के लिए अपना मन बना चुके हैं। अगले दो दिन में सभी कार्यकर्त्ताओं को सामग्री दे दी जाएगी, ताकि समय पर काम शुरू कर सके।

आर्य केंद्रीय सभा ने मनाया स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस

पानीपत/कौशिक : स्वामी श्रद्धानंद ने लाखों लोगों को जो दबाव, डर,भय या अन्य कारणों से विधर्मी हो गए थे उनको ससम्मान वैदिक धर्म में वापसी करवाई। वैदिक धर्म का प्रचार प्रसार किया। ये शब्द वैदिक प्रवक्ता संजय याज्ञिक ने आर्य समाज बड़ा बाजार में आर्य केंद्रीय सभा के तत्वाधान में मनाए जा रहे स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस पर मुख्य वक्ता के तौर पर कहे। उन्होंने कहा की स्वामी श्रद्धानंद बड़े दलित उद्धारक भी थे। वहीं वैदिक विद्वान अमरेश्वर शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से आहुति दिलाकर यज्ञ करवाया, जबकि अजय बतरा, रितु बतरा, राजीव सचदेवा, सीमा सचदेवा, रणबीर पाल, पूनम पाल, गौरव सखुजा व नीना सखुजा मुख्य यजमान रहे।

बदलाव यात्रा से गोहाना और बरोदा में माहौल बदला : संदीप मलिक

गोहाना/उत्तम हिन्दू न्यूज : आम आदमी पार्टी के युवा नेता संदीप मलिक ने कहा कि बरोदा और गोहाना विधानसभा में आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा के दौरान जनता ने बहुत समर्थन दिया। और हल्के की जनता भी बदलाव करने की बातें करने लगी है। जिससे गांवों और शहर में आम आदमी पार्टी का माहौल बदला दिखाई दे रहा है। वहीं अब हरियाणा की जनता ने भी पंजाब और दिल्ली के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की नीतियों पर चलने की शुरुआत कर दी है। बदलाव यात्रा में उमड़ा जनसैलाब इस बात का गवाह है कि आम आदमी पार्टी 2024 में सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करेगी।
उन्होंने कहा कि हरियाणा का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी का है। हरियाणा में 25 लाख युवा बेरोजगार हैं। हरियाणा की एक भी विधानसभा ऐसी नहीं थी, जिसमें युवाओं ने ये न कहा हो कि हमारे लिए रोजगार का प्रबंध कर दीजिए।

युवाओं ने कांग्रेस में जताई आस्था : त्रिलोचन सिंह

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

करनाल/डा. हरीश चावला : सुभाष गेट में कांग्रेस के युवा नेता अंशुल लाठर की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पहली बार वोट देने वाले युवाओं की भागीदारी रही। इन युवाओं ने कांग्रेस को वोट देने और पूरा समर्थन देने का वादा किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला संयोजक तिरलोचन सिंह, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक खुराना, कांग्रेस नेत्री रानी कांबोज व पंजाबी नेता राजिंद्र पप्पी अरोड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। युवाओं को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाया गया। इस मौके पर त्रिलोचन सिंह ने कहा कि हरियाणा का युवा वर्ग जाग चुका है। नौकरियों के नाम पर गठबंधन सरकार ने युवाओं के वोट लिए थे, लेकिन रोजगार देने की बजाए रोजगार छीन लिया गया। हरियाणा के युवा विदेशों में जाकर पढ़ाई और नौकरी करने को मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि सरकार की नीतियां

युवाओं का शोषण करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के कारण युवा वर्ग नशे और क्राइम की राह पर चल पड़ा है। यह समाज के लिए नुकसादाई है। अगले वर्ष होने वाले चुनाव में जनता कांग्रेस की सरकार बनाएगी तभी हर वर्ग खुशहाल होगा। इस अवसर पर अशोक खुराना व रानी कांबोज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इस मौके पर बाली कश्यप ने अपने साथियों विक्की कश्यप, विजय कश्यप, आशु कश्यप, रंजीत कश्यप, विनीत कश्यप, सूरज कश्यप, सुभाष कश्यप व राम कुमार कश्यप सहित कांग्रेस में आस्था जताई। इस अवसर पर रोहित जोशी, दया प्रकाश, आदि मौजूद रहे।

मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद गरीबों की चिंता की : गोंदर

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

करनाल/डा. हरीश चावला : हरियाणा वन विकास निगम के चैयरमैन एवं विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों में जा रही है। ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगो से अपील की कि जो लोग सक्षम है वो योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गरीबों, असहायों की मदद के लिए आगे आएं और कागजी कार्यवाही पूरी कराने में इनकी मदद करें ताकि इन्हें भी योजनाओं का लाभ मिल सके, यह एक पुण्य का काम होगा। विधायक धर्मपाल गोंदर आज गांव बरनी खालसा व रायपुर रोड़ान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में

बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। गांव बरनी खालसा में सरपंच मोहिन्द्र सिंह तथा गांव रायपुर रोड़ान में सरपंच विनोद कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई। पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में कोई घोटाला नहीं हुआ, जबकि पहले नित नए घोटाले सामने आते थे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बलबीर मराठा, चमेल सिंह सावंत, नरेश कुमार, जोगिन्द्र सिंह, बनवारी लाल, दलेल सिंह, मा. रविन्द्र, मदन लाल सौदा, कृष्ण गोपाल, मेहर सिंह, घनश्याम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पिंजौर : सोमवार को पिंजौर के अमरावती इंक्लेव में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा ने अपने निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए कहा कि अटल सुशासन के प्रतीक थे। उनकी सरकार ने अंत्योदय की विचारधारा पर चलते हुए शासन के नये प्रतिमान स्थापित किये। वर्तमान की मोदी सरकार भी कुशल सार्वजनिक सेवा, सुशासन एवं वांछितों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अटल जी द्वारा बताए गए मार्ग पर लगन से चल रही है। 1999 में सरकार बनने के बाद अटल जी की सरकार ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में सकारात्मक बदलाव लाकर भारत में दूरसंचार क्रांति लाने का काम किया। आज हर गांव तक ऑप्टिकल फ़ाइबर पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है, मोदी सरकार ने दो लाख से ज़्यादा ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोडने का काम किया है। अटल की दूरसंचार क्रांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्तीय समावेशन के लिए जेएएम (जनधन-आधार मोबाइल) त्रिमूर्ति लागू की है। इसके द्वारा 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लाभ हुआ है।

तेंदुए के खौफ से परेशान ग्रामीण व जानवर

पिंजौर/उत्तम हिन्दू न्यूज : पिछले कई दिनों से पिंजौर रायतन क्षेत्र के गांव कजियाना, जनोली, टोरन व आसपास क्षेत्र में तेंदुआ के होने से जानवरों को नुकसान हो रहा है। गांव कजियाना के चमनलाल, विजय शर्मा, राधो शर्मा पंच, प्रेमचंद शर्मा, विशनदत्त शर्मा, धनश्याम शर्मा लम्बरदार, बृज भूषण शर्मा पूर्व सरपंच, गांव जनोली मोहन सिंह, गांव टोरन वेद प्रकाश, पूर्व सरपंच सुच्चा, दीनानाथ और विधिचन्द आदि ने मौके पर कालका विधायक प्रदीप चौधरी को बताया कि पिछले काफी समय से उनके गांव व आसपास तेंदुआ घूम रहा है। जो गांव में से बकरियों और कुत्तों को नुकसान पहुंचा रहा है। बताया कि गांव लडक़े अपनी भैंसों को देखने नदी की ओर जा रहे थे एक लडक़े की पीठ पर तेंदुआ ने पंजो से हमला कर दिया अगर उसने जैक्ट न पहनी होती तो उसे बड़ा नुकसान हो सकता था।

पवन कुमारी और ग्रामीणों ने किया अक्षत कलश यात्रा का स्वागत

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

पिंजौर : नगर परिषद पिंजौर कालका के गांव मानकपुर ठाकुरदास, नानकचंद के श्री शिव मंदिर में अयोध्या से आए 'अक्षत कलश रथ' का स्वागत करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

इस अवसर पर विशेष तौर पर महिला कांग्रेस हरियाणा प्रदेश महासचिव पवन कुमारी शर्मा ने शिरकत करते हुए कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। पवन कुमारी शर्मा ने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर का निमंत्रण देने के लिए अक्षतो को लेकर अयोध्या से एक रथ गत देर शाम को यहां पहुंचा था। इस अवसर पर पवन कुमारी शर्मा, मंदिर प्रधान लाली, कीर्तन मंडली प्रधान उषा धीमान, आरती शर्मा, राकेश कुमार, मंदिर पुजारी प्रवीण ने अक्षत रथ यात्रा पर फूलों की वर्षा करके भव्य स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर रथ यात्रा के साथ सुनील सचदेवा थे जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

मोदी और मनोहर लाल के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा सुशासन का सफर : विधायक कल्याण

उत्तम हिन्दू न्यूज़ नेटवर्क

करनाल/डा. हरीश चावला : करनाल के लघु सचिवालय स्थित सभागार में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला मौजूद रहे। विधायक हरविंद्र कल्याण ने सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित मदन मोहन मालवीय को याद किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सुशासन का सफर निरंतर आगे बढ़ रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने सुशासन के नए आयाम छुए थे। आज हमें इसी तरह का दृढ़ संकल्प लेने की जरुरत है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिल सके। यदि हम

समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की कठिनाई समझेंगे तो हमारा दायित्व पूरा होगा। विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि विकसित भारत यात्रा गांव-गांव जा रही है। इस यात्रा के लिए सभी विभाग अच्छी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब यात्रा के दौरान अलग-अलग विभागों के स्टॉल पर पात्र व्यक्ति को लाभ मिलता है तो उसके चेहरे की खुशी देखकर अलग ही सुख मिलता है। विधायक कल्याण ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन का कार्य किया है। उनके प्रयासों से व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। इस बदलाव के बेहतर परिणाम लंबे समय तक हमें लाभ देंगे। इस मौके महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर को मोबाइल वितरित किए गए।

अयोध्या राम मंदिर को लेकर होने वाले आयोजनों संबंधी चर्चा

पिंजौर/उत्तम हिन्दू न्यूज : अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तारीख 22 जनवरी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे अयोध्या समेत सम्पूर्ण भारत देश में तैयारियां तेज होती जा रही हैं। रविवार को पिंजौर के एक निजी होटल में पिंजौर-कालका की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं कि बैठक आयोजित की गई। इसमें बोलते हुए पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लतिका शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर विशेषकर कालका विधानसभा में चाहे पिंजौर मण्डल हो, कालका हो या रायपुररानी सभी ओर बड़ी धूम मची हुई है और हर जगह इसे एक उत्सव की तरह बनाये जाने की तैयारियां की जा रहा है। सभी लोगों में इसको लेकर एक अलग तरह का जोश भरा हुआ है एवं खुशी भी है।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स प्लॉट नं. 17/18, पीछे यशोदा अस्पताल, कोशाम्भी, गाजियाबाद-201010

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	अंजली शर्मा (ऋणदाता) सचिन शर्मा (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHDKB00001469207 LHDKB00001451862	संपत्ति बेयरिंग संख्या सी 8/1, तीसरी मंजिल पर, डीएलएफ अंकुर विहार, लोनी, गाजियाबाद 201102	रु. 27,48,244/- 15 दिसंबर 2023	रु. 21,94,054/- / रु. 2,19,410/-	03 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	12 जनवरी 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **11 जनवरी, 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स प्लॉट नं. 17/18, पीछे यशोदा अस्पताल, कोशांबी, गाजियाबाद-201010** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **11 जनवरी, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता पंजीकरण फार्मों और बोली नियमों एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स प्लॉट नं. 17/18, पीछे यशोदा अस्पताल, कोशांबी, गाजियाबाद-201010 में या 11 जनवरी, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **गाजियाबाद** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या अन्य सेल मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: दिसंबर 26, 2023
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड